मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ क्रिकेट... पृष्ठ 2 | गर्ल फ्रेंड से बात करने नारियल... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स





नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559


सोमवार, 16 जून 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 236, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

# श्रमिक परिवारों के सशक्तिकरण और उत्थान के लिए समर्पित है हमारी सरकार : विष्णु देव साय



**रायपुर।** हम श्रमिक परिवारों के सशक्तिकरण और उत्थान के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं। आपका स्नेह और सहयोग ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है और हम सब मिलकर एक विकसित, समृद्ध और सशक्त छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार करेंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के न्यू सर्किट हाउस में आयोजित मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के तहत कक्षा दसवीं और बारहवीं के टॉप 10 में स्थान पाने वाले पंजीकृत श्रमिकों के 31 मेधावी बच्चों को दो-दो लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि का वितरण कर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत राज्य के 38 हजार 200 निर्माण श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के तहत 19.71 करोड़ रूपए से ज्यादा की सहायता राशि सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की। मुख्यमंत्री ने 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम हासिल करने वाले श्रमवीरों के मेधावी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारी सरकार श्रमिक परिवारों की आवश्यकताओं को भली-भांति समझती है और उनके समग्र कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आज श्रमिक परिवार का बच्चा विदेश जाकर पढ़ना चाहे तो उसके लिए भी 50 लाख रुपए तक की सहायता का प्रावधान श्रम विभाग द्वारा किया गया है। श्री साय ने कहा कि हम नवाचार के साथ कदमताल करते हुए ऐसी नीतियां बना रहे हैं, जिनसे प्रदेश के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार मिले। प्रदेश की आकर्षक उद्योग नीति का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि अब तक 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव राज्य सरकार को प्राप्त हो चुके हैं, जिससे बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे। श्री साय ने श्रम मंत्रालय में केंद्रीय राज्यमंत्री के रूप में अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि श्रमिकों से मेरा विशेष लगाव है और श्रमिकों के हित में कार्य करना हमेशा संतुष्टि देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रथम



कार्यकाल में दो वर्षों तक श्रम मंत्रालय की जिम्मेदारी मिली थी और उनके नेतृत्व में श्रम राज्यमंत्री के रूप में श्रमिकों के पेंशन सुधार की दिशा में हमने कई ऐतिहासिक कदम उठाए और न्यूनतम पेंशन की राशि सुनिश्चित की।

उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री श्रमिकों को लेकर संवेदनशील है और उनके निर्देश पर ही श्रमिकों के प्रोविडेंट फंड (क्स्न) में वर्षों से पड़ी लगभग 27 हजार करोड़ रुपए की अन्क्लेम्ड राशि का उपयोग उनके हित में करने का बड़ा निर्णय भी इस दौरान हमने लिया था। राज्यमंत्री के रूप में यूनिवर्सल पीएफ नंबर की शुरुआत हमारी सरकार ने की, जिससे श्रमिकों द्वारा बार-बार पीएफ राशि क्लेम करने की समस्या दूर हुई। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर सभी से आग्रह करते हुए कहा कि श्रम विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी अन्य ज़रूरतमंदों तक अवश्य पहुंचाएं, ताकि अधिक से अधिक श्रमिक इनका लाभ उठा सकें। उन्होंने श्रमिकों के लिए गर्म और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के साथ ही प्रदेश में संचालित अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की। उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश चहुंमुखी विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि इन डेढ़ वर्षों में मोदी की गारंटी के तहत सभी वादों को पूरा किया गया है। उन्होंने कहा कि आज विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 38 हजार 2 सौ श्रमिकों को 19.71 करोड़ रुपये एवं प्रवीण्य सूची में चयनित 31 विद्यार्थियों को 62 लाख रुपये की राशि प्रदान की जा रही है। श्री देवांगन ने बताया कि शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के तहत 17 जिलों के 46 केन्द्रों में श्रमिकों को 5 रुपये में भरपेट भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है और भविष्य में इसे सभी उद्योग प्रधान जिलों में लागू किया जाएगा। इसके साथ ही श्रमिकों के बच्चों के लिए नि:शुल्क कोचिंग सुविधा प्रारंभ करने की जानकारी भी दी। श्रम मंत्री ने कहा कि नई उद्योग नीति के तहत उद्योगों की स्थापना के लिए नियमों को सरल बनाया गया है, जिससे निवेश बढ़ा है एवं युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं।

# महाराष्ट्र शराब का जखीरा पकड़ाया

## जिला मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी पुलिस की बड़ी कार्यवाही

**अंबागढ़ चौकी ( नांदगांव टाइम्स )।** चौकी पाटनखास पुलिस के द्वारा महाराष्ट्र के अवैध शराब परिवहन करने वाले तस्करों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही की गई, जिसमें 03 शराब तस्करों को धर दबोचने में सफलता मिली है। मिली जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र की संत्री शराब का जखीरा पकड़ने में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है, जिसमें तीनों आरोपियों के कब्जे से 292 पौवा महाराष्ट्र निर्मित देशी दारू संत्री जिसकी कुल रकम 20,440 रूपए व 03 नग मोटर सायकल जिसकी कुल रकम 1,50,440 रुपए आंकी गई है, अवैध शराब तस्करो के खिलाफ चौकी पाटन खास में 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया। पुलिस के अनुसार आरोपियों के नाम आरोपी मिलिंद्र टेम्भुकर उम्र 55 साल साकिन पिडकेपार थाना देवरी जिला गोदिया महाराष्ट्र, सुरेश सोरी उम्र 32 साल साकिन ग्राम साल्हे तथा संजय टेम्भुर्णे उम्र 31 साल ग्राम कोसमी-2 थाना कोटगुल जिला गढ़चिरौली महाराष्ट्र बताया गया है, उक्त कार्यवाही में चौकी पाटनखास के समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।



# मेडिकल कॉलेज में एमआरआई और सिटी स्कैन मशीन की मांग : निर्मल द्विवेदी



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल पेंड्री में एमआरआई और सिटी स्कैन मशीन की मांग तेज हो गई है। जनसेवक युवा गरोह के प्रतिनिधिमंडल ने मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. पंकज मधुकर लुका से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा और जल्द से जल्द ये सुविधाएं उपलब्ध कराने की अपील की।

गरोह के संयोजक निर्मल द्विवेदी ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में वर्षों से एमआरआई और सिटी स्कैन मशीन लगाने की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक इस दिशा में ठोस पहल नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि इन जरूरी सुविधाओं के अभाव में मरीजों को निजी डायग्नोस्टिक सेंटर और अस्पतालों में जांच करवानी पड़ती है, जहां उनसे मनमाने दाम वसूले जा रहे हैं।

**गरीब और मध्यम वर्ग हो रहा परेशान**

निर्मल द्विवेदी ने बताया कि एक एमआरआई जांच के लिए निजी सेंटरों पर 5000 से 8000 रुपए तक खर्च करना पड़ता है, जबकि सरकारी अस्पताल में यह सुविधा उपलब्ध हो जाए तो मरीजों को यह जांच मात्र कुछ सौ रुपये में मिल सकती है। इससे न सिर्फ आर्थिक बोझ कम होगा, बल्कि गरीब और मध्यम वर्ग के मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी।

**प्रशासन से शीघ्र निर्णय की मांग**

गरोह ने मेडिकल कॉलेज प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द एमआरआई और सिटी स्कैन मशीन स्थापित की जाए। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी कहा कि यदि शीघ्र पहल नहीं की गई तो जन आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

**डायग्नोस्टिक लूट पर लगेगी लगाम**

प्रतिनिधियों ने बताया कि सरकारी अस्पतालों में सुविधा न होने का फायदा निजी अस्पताल और डायग्नोस्टिक सेंटर उठा रहे हैं। एमआरआई व सिटी स्कैन जैसी जांचों पर होने वाले इस आर्थिक शोषण को रोकने के लिए सरकारी अस्पतालों में ये मशीनें बेहद जरूरी हैं। जनसेवक युवा गरोह ने भरोसा जताया है कि प्रशासन जनता की जरूरतों को समझते हुए जल्द इस दिशा में कदम उठाएगा।

# चिखली मुक्तिधाम में शक्तिधाम समिति ने चलाया सफाई अभियान, पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शक्तिधाम महाकाली मंदिर की सेवा संस्था शक्तिधाम धर्मार्थ सेवा समिति द्वारा गुरुदेव हरीश यादव के सानिध्य में चिखली मुक्तिधाम में सफाई अभियान चलाया गया। साथ ही शीतल छाया प्रदान करने वाले नीम, पीपल, करण जैसे पौधे मुक्तिधाम परिसर में लगाया गया।वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ अभियान के अंतर्गत आज शक्तिधाम मां महाकाली मंदिर बाबुटोला की सेवा संस्था शक्तिधाम धर्मार्थ सेवा समिति द्वारा चिखली स्थित मुक्तिधाम में सफाई अभियान चलाकर पौधारोपण किया गया, जहां गुरुदेव हरीश यादव की अगुआई में शीतल छाया प्रदान करने वाले नीम, पीपल, करण, बादाम जैसे पेड़ लगाए गए। श्री यादव ने बताया कि यह अभियान प्रत्येक रविवार को अलग-अलग वार्डों में चलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि हमारी संस्था सभी वार्डों में सफाई अभियान के साथ वृक्षारोपण कर उस वार्ड के सदस्य को इसके संरक्षण की जिम्मेदारी दी जाएगी, ताकि पौधों की सही देखभाल हो सके। इस अवसर पर शक्तिधाम के अखिलेश बंजारा, शंभू वर्मा, दुर्गा यादव, भोज वर्मा, श्रेष्ठा यादव, प्रशांत वर्मा, चंद्रेश साहू, भैरव यादव, लव यादव, बिट्टू रामटेके, भारत यादव, राकेश देवांगन, मानिपाल, अजय यादव सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।



# मातादेवाला बूढ़ासागर में माता-पिता के नाम पौधारोहण किया गया



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आज दिनांक रविवार पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी जी की जयंती के उपलक्ष्य में शीतला मंदिर पुजारी परिवार जनहित मंच द्वारा मातादेवाला बूढ़ासागर में माता एवं पिता के नाम कदम एवं नारियल का पौधा रोहण किया गया। जिसे ट्री गार्ड से सुरक्षित भी किया गया। उक्त कार्यक्रम में पुजारी परिवार राजदुबे, जनहित मंच के अध्यक्ष देवेन्द्र मोहन लाला देबु, लोक कलाकार सुनील बंसोड़, दीपक श्रीवास्तव, धन्नू सोनी, दिलीप सिंह, राजकुमार धीवर, यशवंत सोनी, मोहन निषाद, मनीष सोनी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम की जानकारी नागेश श्रीवास्तव द्वारा दी गई।

# गोली कांड : खनिज अधिकारी प्रवीण चंद्राकर को राज्य सरकार ने किया सस्पेंड

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव शहर के मोहड़ वार्ड में बीते 11 जून की रात को रेत तस्करों ने वार्ड वासियों पर गोली चलाई थी. इस मामले में एक्शन जारी है, रविवार को राजनादगांव के खनिज अधिकारी प्रवीण चंद्राकर को निलंबित कर दिया गया है। रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन के मामले में कार्यवाही नहीं करने पर राज्य सरकार ने यह कार्रवाई की है।

# घोरदा के पास धान से भरी गाड़ी पलटी



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम घोरदा के पास शाम 5 बजे धान से भरी मेटाडोर क्रमांक CG09 JB 8729 अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें कोई भी हताहत नहीं हुआ है ।

# हमारे जीवन के लिए जल को सुरक्षित करना है : डॉ. रमन सिंह

## विधानसभा अध्यक्ष पानी बचाओ महाभियान, नीर और नारी जल यात्रा में हुए शामिल

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज गांधी सभागृह में आयोजित पानी बचाओ महाभियान, नीर और नारी जल यात्रा में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि विगत तीन माह से ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण के लिए नीर और नारी जल यात्रा का सघन अभियान चलाया गया, जिसका आज समापन है। पद्मश्री फुलबासन बाई यादव के नेतृत्व में बढ़ते हुए तापमान में भी गांव की गलियों तक पहुंचकर ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण के लिए संघर्षपूर्ण कार्य किया गया। पद्मश्री फुलबासन बाई यादव में ऐसा चमत्कार एवं जीवटता है। उनका नाम राजनांदगांव जिले से जुड़ा है और यहां की मिट्टी से जुड़ा है। गरीबी के बावजूद उन्होंने अपनी मेहनत से समाज के लिए अपनी सेवाएं समर्पित की। यही वजह है कि समाज के लिए उनके कर्तव्य एवं समर्पण से एक विशेष पहचान बनी है। जल संरक्षण के लिए जनजागरण हेतु उनके प्रयास प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि जल अमूल्य है और जीवन में इसकी अहम भूमिका है। आज के समय में जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो रही है और पानी का दुरूपयोग हो रहा है। पानी का जल स्तर 400 फीट तक नीचे चला जा रहा है। राजस्थान जैसी भयावह स्थिति से बचने के



लिए हमें जल की चिंता करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर 97 प्रतिशत पानी समुद्र में है, जो खारा पानी है और उसका उपयोग नहीं किया जा सकता। केवल 3 प्रतिशत पानी में से 2.4 प्रतिशत ग्लेशियर के रूप जमा हुआ है एवं 0.6 प्रतिशत पानी नदियों, झीलों एवं तालाबों में है, जिसका उपयोग किया जा सकता है। शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में इसका उपयोग पेयजल के तौर पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 100 में से पेयजल के लिए मात्र 0.1 प्रतिशत है। जिसे भी हम प्रदूषित कर रहे हैं। यह 0.1 प्रतिशत पानी ही हम सभी सभी के जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। हमारे जीवन में जल एवं हवा दोनों महत्वपूर्ण है। पृथ्वी में उपलब्ध 0.1 प्रतिशत जल को हमारे जीवन के लिए सुरक्षित रखना है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह बताया कि केन्द्रीय मंत्री के रूप में वे ईजराइल भ्रमण पर गये थे, वहां रेत ही रेत है और समुद्र का खारा पानी है। इजराइल में 650 किलोमीटर दूर स्थित जार्डन लेक रिवर से पंप के माध्यम से पानी खींचकर पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। ईजराइल ही ऐसा देश है, जहां पानी नहीं होने के बावजूद पंप से पानी लेकर खेती की जा रही है। आज ईजराइल दुनिया में एक बड़ा सब्जी का उत्पादक देश है। रिसायकल, रिचार्जिंग के माध्यम से पानी का उपयोग किया जा सकता है। जिले में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जल संरक्षण के लिए कार्य किया जा रहा है। पद्मश्री फुलबासन यादव एवं उनकी टीम द्वारा जल संरक्षण की संरचना, खेत का पानी खेत में, गांव का पानी गांव में एवं सघन पौधरोपण के लिए किया जा रहा है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने सभी को जल संरक्षण के लिए शपथ दिलाई। इस दौरान अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने पर नागरिकों की दुखद मृत्यु पर सभी ने मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# हत्या की वारदाता का कबीरधाम पुलिस ने किया त्वरित खुलासा

# मृतक के पुत्र ने आवेश में की थी हत्या

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** दिनांक 13 जून 2025 को प्रार्थी तिहारी बैगा निवासी बंधौरा थाना तरेगांव जंगल द्वारा मौखिक सूचना दी गई कि उसके गांव के तिहर सिंह धुर्वे ने आकर बताया कि सिंगरू बैगा मृत अवस्था में अपने खेत बाड़ी में कंबल से ढका पड़ा है। सूचना पर पुलिस व ग्रामीण मौके पर पहुंचे और देखा कि मृतक सिंगरू बैगा अपने खेत बाड़ी में मृत पड़ा हुआ था। पास ही उसका जैकेट, गमछा, सेंडो, स्टील का लोटा और बांस का हरा डंडा पड़ा था। इस घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की। मौके पर की गई प्रारंभिक पूछताछ और साक्ष्यों के आधार पर मृतक के पुत्र सोनसिंह बैगा से पूछताछ की गई, जिसने स्वीकार किया कि दिनांक 13 जून 2025 को रात्रि में दलदली से घर लौटते समय उसके और उसके पिता सिंगरू बैगा के बीच वाद-विवाद हुआ था। गुस्से में आकर सोनसिंह ने बांस के डंडे से अपने पिता पर कई वार किए, जिससे वे बेहोश हो गए और बाद में उनकी मृत्यु हो गई। आरोपी ने यह भी बताया कि उसने मृतक पर कंबल डाल दिया था तथा घटना के समय पहने अपने वस्त्र खून के धब्बों सहित घर में छुपा कर रख दिए थे। आरोपी के मेमोरण्डम कथन के आधार पर खून लगे कपड़े और घटना में प्रयुक्त बांस का डंडा जप्त किया गया। पुलिस टीम द्वारा आरोपी सोनसिंह बैगा को दिनांक 14 जून 2025 को दोपहर 12:30 बजे विधिवत गिरफ़्तार किया गया।



nandgaon times june-16-5.qxd 6/15/2025 11:18 PM Page 2



## शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री दीप महायज्ञ संपन्न

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम बडभूम विकास खंड डोंगरगांव



में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री दीप महायज्ञ संपन्न हुआ , आंगन नहीं बुहारा कैसे आएंगे भगवान भजन के माध्यम से नीलिमा सिन्हा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया तत्पश्चात जिला प्रमुख जयप्रकाश सिन्हा द्वारा गायत्री उपासना की सरल विधि पर प्रकाश डालते हुए नियमित रूप से गायत्री मंत्र जाप के लिए प्रेरित किया । ज्ञान की महत्ता को समझाते हुए नियमित रूप से स्वाध्याय करने के लिए प्रेरित किया। जीवन में कभी भी किसी भी प्रकार की नशा नहीं करने संकल्प कराया । तत्पश्चात संध्या बेला में दीप प्रज्वलित कर गायत्री मंत्र एवं महामृत्युंजय मंत्र से आहुति समर्पित करने के पश्चात आरती और प्रसाद वितरण किया गया ।ग्राम के गायत्री परिवार के एवं अन्य परिजन इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए हेमंत साहू , डोमन साहू, जगदीश साहू , हरेंद्र साहू का कार्यक्रम को सफल बनाने में सराहनीय योगदान रहा।

## म्युल अकाउंट खाता धारक पर पुलिस की कार्यवाही

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** 15. जून को पुलिस थाना प्रभारी डोंगरगांव, अवनीश श्रीवास के नेतृत्व में वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त म्युल



एकांउट खाता धारक के खिलाफ कार्यवाही संबंधी दिशा निर्देश प्राप्त होने पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया हैं , विवेचना के दौरान आरोपी लोकेश कुमार पिता स्व0 द्वारका , ग्राम कल्लुबंजारी ,छुरिया का मेमोरण्डम कथन तैयार किया गया ,मेमोरण्डम कथन में आरोपी ने बताया कि उनके साथी के द्वारा लगभग 1 वर्ष पुर्व बैंक खाता फ्री में खुल रहा हैं कहकर उनके नाम पर बैंक खाता खुलवाया एवं खुलवाने के बाद उसे उस बैंक खाता को उनके द्वारा संचालित करने के नाम पर 1000 रूपये देना कहने पर आरोपी ने उसे बैंक खाता में उनका मोबाईल नंबर लिंक करवा कर बैंक संबंधित दस्तावेज , एटीएम , पास बुक सभी को अपने दोस्त को सौप देना बताये हैं। जिसमें अपराध से संबंधित धनराशि का आदान प्रदान किया जा रहा था इस दौरान आरोपी के खिलाफ धारा सदर का पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर बैंक से जानकारी प्राप्त किया गया को आरोपी द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर गिरफ्तार किया गया आरोपी को ज्युडिशियल रिमांड पर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

## कबीर उत्सव मनाया गया

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सदगुरु कबीर प्रगट उत्सव लक्ष्मीनगर घुघुवा साल्हे में मनाया गया समीपस्थ ग्राम लक्ष्मीनगर घुघुवा साल्हे में कबीर प्रगट उत्सव कबीरपंथी समाज एवं समस्त साहू समाज के तत्वाधान मे मनाया गया बीवीकार्यक्रम की शुरुआत कलश यात्रा आमीन माता कबीर भजन महिला मंडल खुटेरी वाले के सुमधुर भजनोंके साथ शुरू हुआ कलश यात्रा में बड़ी संख्या में ग्राम के महिलाए एवं बच्चे कबीर भजन में थिरकते दिखे शोभा यात्रा के बाद आमीन माता भजन महिला मंडल द्वारा सत्संग प्रवचन का कार्यक्रम हुआ और बाद में देवरी खुरसुनी से पधारे रेखदास साहेब द्वारा प्रवचन किया गया रेखदास साहेब ने बताया कि सदगुरु कबीर ने हमेशा सत्य अहिंसा दया धर्म पर जोर दिए उन्होंने बताया कि बिना गुरु के जीवो की मुक्ति संभव नहीं है।

### सप्ताह के सितारे ( 16 जून 2025 )

## दैनिक शुभ राशि

| | | |
|---|---|---|
| सोम | 1- 2- 8- 9 | 12-21-18-81-28-82 |
| मंगल | 2- 4 - 7 - 0 | 24-42-27-72-47-74 |
| बुध | 3- 5 - 7 - 8 | 57-75-58-85-78-87 |
| गुरू | 1- 4 - 5 - 9 | 14-41-15-51-45-54 |
| शुक्र | 2 - 5 - 7 - 8 | 17-71-25-52-48-84 |
| शनि | 3 - 4 - 6- 0 | 46-64-47-74-68-86 |

अंकों का बादशाह -2 सप्ताह में अचूक 3 - 6 - 7 - 0
सप्ताह का वरदान -4 स्पेशल - 11- 32 -95 -65

सप्ताह में देखे

(1) 13 - 16 - 17 - 10 (6) 63 - 66 - 67- 60
(2) 23 - 26 - 27 - 20 (7) 73 - 76 - 77 - 70
(3) 33 - 36 - 37 - 30 (8) 83 - 86 - 87 - 80
(4) 43 - 45 - 47 - 40 (9) 93 - 96 - 97 - 90
(5) 53 - 56 - 57 - 50 (10) 03 - 06 - 07 - 00

बीते पांच सप्ताह के रिकार्ड

| (कल्याण) | (नाइट बाजार) |
|---|---|
| 82-00-74-83-08-57 | 48-84-98-35-71 |
| 99-00-47-21-72-26 | 04-29-63-96-03 |
| 30-61-16-8-65-38 | 08-74-08-86-37 |
| 34-62-21-02-23-24 | 76-14-10-13-21 |
| 11-89-40-76-44-75 | 89-87-16-47-46 |

चेतावनी- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक का कोई जवाबदारी नहीं होगी।

संपादक

# मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग की विजेता टीमों को सौंपा विनर्स कप

### सीसीपीएल के फाइनल में रायपुर राइनोस और राजनांदगांव पैंथर्स टीम संयुक्त विजेता घोषित





**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज यहां नवा रायपुर के शहीद वीरनारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग सीजन 2 के समापन समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग की विजेता टीमों को विनर्स कप सौंपा। बारिश की वजह से सीसीपीएल का फाइनल मैच नहीं खेला जा सका। फाइनल में पहुंची दोनों टीमों रायपुर राइनोस और राजनांदगांव पैंथर्स को संयुक्त विजेता घोषित किया गया।

छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग सीजन 2 के समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ के लिए सौभाग्य की बात है कि सीसीपीएल जैसे क्रिकेट टूर्नामेंट का यहां शानदार आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ में हम सभी खेलों को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग के माध्यम से राज्य के प्रतिभावान क्रिकेट खिलाड़ियों को खेलने का बेहतरीन मौका मिला है। इस आयोजन के लिए छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ बधाई का पात्र है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज बारिश की वजह फाइनल मैच नहीं खेला जा सका। रायपुर राइनोस और राजनांदगांव पैंथर्स टीमों को संयुक्त विजेता घोषित किया है। मैं दोनों टीमों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूँ और सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ। यह बहुत खुशी की बात है कि मौसम खराब होने के बाद भी बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी स्टेडियम में मौजूद हैं। मैं आशा करता हूँ कि छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ इसी तरह आगे भी छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग का आयोजन करता रहेगा। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग सीजन 2 का आयोजन 6 जून से 15 जून तक किया गया। इसमें रायपुर राइनोस, राजनांदगांव पैंथर्स, रायगढ़ लायन्स, बस्तर बाइसन्स, बिलासपुर बुल्स और सरगुजा टाईगर्स टीमों ने हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री के हाथों से रायपुर राइनोस और राजनांदगांव पैंथर्स टीम के कप्तान श्री अमनदीप खरे और श्री अजय मंडल ने विनर्स कप ग्रहण किया।

## विधि से संघर्षरत 02 बालकों पर जाकर रुकी हत्या की तफ्तीश

पदमराज सिंह ठाकुर

**कवर्धा ( नांदगांव टाइम्स )।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 08 02.25 के रात्रि करीबन 10:00 बजे कुकदुर पुलिस को किसी अज्ञात व्यक्ति के रोड पर खून से लथपथ पड़े होने की सुचना मिली सुचना पर थाना कुकदुर की टीम तत्काल मौके पर रवाना हुई और खून से सने व्यक्ति को कुकदूर अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उक्त व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया उक्त व्यक्ति की पहचान सुरेश बघेल पिता बुधराम बघेल उम्र 58 साल के रूप में हुई जो बाजार कुई में सफाई का काम करता था तथा बाजार के ही बने सेड में निवास करता था 7 मृतक सुरेश बघेल के शव का कुकदुर पुलिस के द्वारा पंचनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्टम कराया गया पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डॉक्टर द्वारा मृतक की मौत लाठी डंडे से मारपीट कर हत्या किए जाने से होना पाया गया मामला गंभीर प्रवृत्ति का हत्या जैसे प्रकरण का होने से थाना कुकदूर में अपराध क्रमांक 23/25 धारा 103 (1) भारतीय न्याय संहिता का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया 7 उक्त हत्या के प्रकरण में आरोपियों की लगातार पताशाजी कर विवेचना की जा रही थी अज्ञात आरोपियों के पता नहीं चलने तथा हत्या के मामले लगातार लंबित होने के कारण कबीरधाम जिले के पुलिस अधीक्षक श्रीमान धर्मेंद्र सिंह(भा पु से) के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेंद्र बघेल एवं श्री पंकज पटेल के निर्देशन में एक विशेष टीम का गठन किया गया जिसके नेतृत्व की जिम्मेदारी पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया श्री भूपत सिंह धनेश्री को देकर लंबित हत्या प्रकरणों के निराकरण की जिम्मेदारी सौंपी गई। विशेष जांच टीम को सूचना मिली कि मृतक सुरेश बघेल का विधि से संघर्षरत 02बालकों के साथ दिनांक 07.02 2025 को कांच का बोतल फोड़ने के नाम पर वाद विवाद हुआ था मृतक सुरेश बघेल ने दोनों बालकों को गाली गलौज किया था जिससे क्षुब्ध होकर दोनों अपचारी बालकों ने मृतक सुरेश बघेल को जान से मारने का धमकी दिया था इसी सूचना पर विशेष जांच टीम ने जांच जारी रखी तथा दोनों बालकों से विधिसंगत पूछताछ करने पर दोनों ने मृतक सुरेश बघेल की हत्या करने की योजना बनाकर हत्या करना स्वीकार करते हुए बताये कि दिनांक 08.02.2025 को रात्रि मे सुरेश बघेल अपने घर से बीड़ी लेने जा रहा था जिसे देख कर बाजार कुई से डंडा तोड़कर आगर नदी पुल के नीचे छुप गए सुरेश बघेल बीड़ी लेकर वापस अपने घर आ रहा था तभी मृतक सुरेश बघेल का सिर में हाथ पैर में दोनों ने मारपीट कर हत्या करना स्वीकार किया दोनों अपचारी बालकों के अपराध स्वीकार करने पर विधि संगत कार्यवाही किया जाकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।



## बुद्धभरदा में मिडिल स्कूल के भवन में हाईस्कूल की कक्षाएं संचालित

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** 16 जून से नया शिक्षा सत्र 2025-26 शुरु होने वाला है. शिक्षा के क्षेत्र में शासन भले ही नित नए - नए प्रयोग कर हर वर्ष लाखों रुपये खर्च कर रही है. शिक्षा में सुधार एवं गुणवत्ता लाने विभाग द्वारा अनेक कदम उठाये जा रहे है, लेकिन ब्लाक के ग्राम बुद्ध?भरदा में नवीन हाईस्कूल खुले भले ही दस वर्ष हो गए है. लेकिन आज पर्यन्त बिना भवन के हाईस्कूल की कक्षाएं चल रहीं है. जानकारी के अनुसार बुद्धू भरदा हाईस्कूल में बीते सत्र में 53 छात्र छात्राएँ पढ़ाई कर रहे थे, कक्षा नवमी एवं दसवीं के विद्यार्थियों के लिए शिक्षक भी पर्याप्त है. भवनविहीन होने से दूसरी पाली में पूर्व माध्यमिक शाला के भवन में कक्षाएं लग रही है . कम्प्यूटर एवं प्रयोगशाला के बिना बेहतर शिक्षा कैसे मिलेगी आगामी नया शिक्षा सत्र बेहतर बनाने एवं शिक्षा गुणवत्ता में सुधार की भरसक तैयारी विभाग एवं शासन द्वारा की जा रही है. शाला में कम्प्यूटर, प्रयोग शाला के लिए बिना भवन के कैसे बेहतर शिक्षा छात्रों को मिलेगी ? शाला में पढ़?ने वाले विद्यार्थियों के लिए अलग से लैब एवं कम्प्यूटर कक्ष की सुविधा भवन के अभाव में नहीं मिल रही है. स्कूल भवन के लिए राशि मंजूर ग्राम बुद्धूभरदा में हाईस्कूल भवन विहीन होने की जानकारी ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से शासन-प्रशासन सहित जन-प्रतिनिधियों को सूचित ही जा चुकी है. पता चला है कि हाईस्कूल भवन के लिए लगभग 75 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई हैं लेकिन राशि मंजूरी के बावजूद बिल्डिंग का निर्माण प्रारंभ नहीं हो सका . प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल बाउंड्री के पीछे में बनना है हाईस्कूल बुद्धूभरदा हाईस्कूल का नया भवन प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल बाउंड्रीवाल के पीछे में बनना प्रस्तावित है . अधिकारियों द्वारा भवन स्थल का चयन भी हो चुका है . चयनित स्थल में काफी शासकीय भूमि है . लेकिन हाईस्कूल भवन नहीं बनने से इस सत्र भी विद्यार्थियों को मिडिल स्कूल के भवन में पढ़ाई करने पर मजबूर होना पड़ेगा . हाईस्कूल खुले दस साल बाद भी भवन नहीं बना .



## बरगांव में गायत्री दीप महायज्ञ संपन्न हुआ



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विकासखंड डोंगरगांव के ग्राम बरगांव में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री दीप महाय जबज्ञ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ हे गायत्री माता तेरी लीला अपरंपार है भजन के माध्यम से नीलिमा सिन्हा द्वारा किया गया ।तत्पश्चात जिला प्रमुख जयप्रकाश सिन्हा द्वारा मानव जीवन की गौरव गरिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मनुष्य को भगवान ने इस धरती पर राजकुमार बनाकर भेजा है किंतु आज का मानव दिन दुखी होकर जीवन व्यतीत कर रहा है। जिस प्रकार मृग के नाभि में कस्तूरी होता है उसे उसका ज्ञान नहीं होता है इसी प्रकार मनुष्य के अंदर ज्ञान और विज्ञान सब कुछ भरा पड़ा है । नियमित रूप से गायत्री मंत्र जाप करने स्वाध्याय करने किसी भी प्रकार का नशा नहीं करने मोबाइल का सदुपयोग करने संकल्प कराया गया ।तत्पश्चात गायत्री मंत्र एवं महामृत्युंजय मंत्र से आहुति समर्पित कर आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम के सरपंच धनेश्वरी उइके ,जनपद सदस्य विवेक कुमार मंडावी मितानिन तेजू साहू एवं तीजन श्रीवास का सराहनीय योगदान रहा। सहयोगी एवं जनप्रतिनिधियों को साहित्य एवं श्रीफल देकर सम्मान भी किया गया।

### खेत की सिंचाई को लेकर दो भाइयों में विवाद, मारपीट में महिला सहित दो लोग घायल

**खैरागढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम पदमावतीपुर में खेत की सिंचाई को लेकर दो भाइयों के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। घटना शुक्रवार रात लगभग 11 बजे की है जब खेत में पानी डालने के पाइप को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद गाली-गलौज और मारपीट में बदल गया। शिकायतकर्ता नारायण जंघेल (उम्र 39 वर्ष) ने अपने छोटे भाई दुलेश्वर जंघेल के खिलाफ छुईखदान थाने में स्नढ्ढक्र दर्ज कराई है। नारायण जंघेल अपने खेत में थरहा डालकर पानी दे रहे थे, इसी दौरान उनके छोटे भाई दुलेश्वर जंघेल ने पाइप हटाकर अपने खेत में पानी चलाने की कोशिश की। जब नारायण ने इसका विरोध किया, तो दुलेश्वर ने गुस्से में आकर घर आंगन में पहुंचकर मां-बहन की गालियां देते हुए बांस के डंडे और हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी।

## खैरागढ़ में सरपंच संघ का निर्विरोध चुनाव सम्पन्न पंचायत प्रतिनिधियों ने पेश की एकजुटता की मिसाल



**खैरागढ ( नांदगांव टाइम्स )।** जनपद पंचायत खैरागढ़ में लोकतंत्र की एक नई तस्वीर सामने आई, जहां गुरुवार को जनपद सभा कक्ष में सरपंच संघ का निर्विरोध चुनाव शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। बिना किसी विरोध के सभी पदों पर सर्वसम्मति से निर्वाचन ने स्थानीय स्वशासन में परस्पर विश्वास और सहयोग की गहरी नींव को उजागर किया।

**निर्विरोध चुने गए पदाधिकारी**

इस निर्वाचन में दिलेश्वर यदु को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। वहीं कमलेश वर्मा, योगेश कुमार वर्मा और जानकी बाई साहू को उपाध्यक्ष बनाया गया। देवेंद्र साहू को महामंत्री, गोपी वर्मा को कोषाध्यक्ष, गजेश वर्मा को सचिव, राकेश वर्मा को मंत्री और ओम झा को सलाहकार पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस ऐतिहासिक बैठक में जनपद क्षेत्र की समस्त ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक निर्णायक कदम उठाया। कार्यक्रम में वरिष्ठ सरपंच अनूप वर्मा, छात्रपाल चौधरी, राजकुमार वर्मा, पुनीत साहू, ओम झा सहित कई अनुभवी जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति ने बैठक को गरिमामयी बना दिया।

**जनप्रतिनिधियों ने निभाई निर्णायक भूमिका**

इस निर्वाचन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि शैलेन्द्र त्रिपाठी, जनपद उपाध्यक्ष लखनलाल, और सक्रिय जनप्रतिनिधि कोमल वर्मा की विशेष भूमिका रही। इनके नेतृत्व और समन्वय से चुनाव प्रक्रिया सहज और पारदर्शी रूप से सम्पन्न हो सकी।

**पंचायती व्यवस्था में नया भरोसा**

यह निर्विरोध चुनाव न सिर्फ पंचायत प्रतिनिधियों की परिपक्वता को दर्शाता है, बल्कि लोकतंत्र में संवाद और सहमति की शक्ति को भी मजबूत करता है। नवनिर्वाचित सरपंच संघ अब जनसमस्याओं के समाधान, विकास योजनाओं के क्रियान्वयन और पंचायतों की सामूहिक भागीदारी को नई दिशा देने का कार्य करेगा।

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202506092200006**

मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2024-2025
विषयः- व-121
खलारी प.ह.न. 00031 [(हे0)]
पक्षकारों का विवरण आवेदक पक्षकार- दसलाल,
अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दसलाल आ. रामजीवन जाति कंवर सा. खलारी तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पुत्री तेजेश्वरी आ. दसलाल का जन्म दिनांक 04.12.2010 को ग्राम खलारी में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 26.06.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। प्रति लिपि :- आवेदक दसलाल आ. रामजीवन जाति कंवर सा. खलारी तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव ईश्तहार का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र में कराकर एक प्रति इस न्यायालय में पेश करे। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06/06/2025 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202506092200014**

विषयः- अ-74
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2024-2025
मुड़पार (प ह न. 00031),
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार श्रीमती रुखमणी,
अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रुखमणी पति विजयराव जाति कुर्मी उम्र 79 वर्ष निवासी ग्राम मुड़पार तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि कृषक ग्राम मुड़पार प.ह.न. 31 तहसील डोंगरगढ़ स्थित खाता क्रमांक 394 में ख.न. क्रमशः 170/2, 171/1, 172/1 रकबा क्रमशः 0.0400, 0.0400, 0.0610हे. कुल ख.न. 03 कुल रकबा 0.1410हे. कृषि भूमि राजस्व अभिलेख में रुखमणी पति विजयराव जाति कुर्मी सा. मुड़पार के नाम पर दर्ज है। आवेदिका श्रीमती रुखमणी की उक्त वाद भूमि का किसान किताब (ऋण पुस्तिका) कहीं गुम हो गई है, एवं आवेदिका श्रीमती रुखमणी द्वारा खोजबीन करने के पश्चात् भी प्राप्त नही हो पायी है। आवेदिका की उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक या वित्तीय संस्था में किसी प्रकार का कर्ज नहीं है। जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस थाना डोंगरगढ़ में दर्ज किया गया है। अतः उक्त भूमि / आवेदित भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने बाबत निवेदन किया गया है। अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 30.06.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/06/2025 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार डोंगरगढ़

## ज्ञान मंथन

*1) अप्रैल 20, 2025 में आयोजित कलिंगा सुपर कप किस खेल से संबंधित है?*
*2) महिलाओं को उद्यमिता में सहयोग देने के लिए किस राज्य सरकार ने लखपति बाइदेव योजना शुरू की है?*
*3) अप्रैल 20, 2025 में किस भारतीय अभिनेत्री को फ्रांसीसी लक्जरी फैशन ब्रांड चैनल की पहली भारतीय ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया गया?*
*4) किसने भारत छोड़ो शब्द को प्रतिपादित की?*
*5) हर वर्ष विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस किस दिन मनाया जाता है?*

RamaQuiz (Pappu Ganesh )



## उत्तर माला

(1) भारत में राष्ट्रीय फुटबॉल नॉकआउट टूर्नामेंट (2) असम (3) अनन्या पांडे (4) युसुफमेहर अली (5) 2 अप्रैल

## स्कूल चलें हम...

खत्म हो गई गर्मी छुट्टी, अब खुल गई स्कूल।
पर ये मौसम बेहद जिद्दी, हुआ नही है कूल।।

मान जाओ सूरज दादा, छोड़ दो हमें सताना।
बहुत जरूरी है पढ़ाई,रोज हमें स्कूल है जाना।।

टीचर ने बतलाया था,ग्लोबल वार्मिंग की बात।
यह भी समझाया था कि,कैसे दे पाएं हम मात।।

गर जीवन में आगे बढ़ना, स्कूल जाना ना भूल।
गरमी को तू कर किनारे, अब ना दे इतना तूल।।

विद्या से बढ़ता मान,चलो कियारा चलो रिशान।
गणित अंग्रेजी के संग,अच्छा लगता है विज्ञान।।

पुस्तक- कॉपी नई-नई,यूनिफार्म भी नया- नया।
अहा !इनसे आती खुशबू,हाथ लगा लोरी,जया।।

मध्यान्ह भोजन करते, सब मिल- जुल कर वहीं।
साथ बैठकर खाने का, मजा न आता और कहीं।।

टीचर जी हमको सुनाते, नई-नई रोज कहानियाँ।
ध्यान लगाकर पढ़ना सुनना,न करना शैतानियाँ।।



रोशन साहू
'मोखला' (राजनांदगांव)
7999840942

# गर्ल फ्रेंड से बात करने नारियल काटने के धारदार हथियार से किया हमला





**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** गर्ल फ्रेंड से बात करने की बात को एक युवक ने दूसरे युवक को नारियल काटने के धारदार हथियार से हमला करने का मामला प्रकाश में आया है. पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 14 जून 2025 को रात्रि करीबन 12:30 बजे के आसपास आरोपी सागर पटेल उर्फ तोरण पटेल निवासी ठेठवार पारा डोंगरगढ़ द्वारा ठेठवार पारा डोंगरगढ़ शिव मंदिर के पास रजनेश कंडरा निवासी कंडरापारा डोंगरगढ़ को तु मेरी गर्लफ्रेण्ड से बात करता है कहकर माँ-बहन की अश्लील गाली-गलौज कर, जान से मारने की धमकी देकर, एक लोहे के नारियल काटने के धारदार बड़ा चाकू से वार कर घायल कर फरार हो गया था. इस मामले में पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध अप0क्र0- 291/2025 धारा- 296, 351(2), 118(1) बीएनएस का अपराध दर्ज कर विवेचना में लेकर आरोपी की तलाश की जा रही थी और फरार आरोपी सागर पटेल उर्फ तोरण पटेल पिता दिलीप पटेल उम्र- 19 साल निवासी ठेठवारपारा डोंगरगढ़ का पता तलाश कर हिरासत में लेकर आरोपी से घटना में प्रयुक्त एक लोहे के नारियल काटने के धारदार बड़ा चाकू को जप्त कर आरोपी को धारा-296, 351(2), 118(1) बीएनएस एवं 25. 27 आर्म्स एक्ट के तहत 15 जून 2025 रविवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है। आरोपी का नाम और पता- सागर पटेल उर्फ तोरण पटेल पिता दिलीप पटेल उम्र- 19 साल निवासी ठेठवारपारा डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ0ग0)

# जेल वारंट प्राप्त होने उपरान्त आरोपी को जिला जेल दाखिल





**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** प्राथी ने रिपोर्ट दर्ज दर्ज कराया दिनांक 11/06/2025 को रात्रि 07 से 07/30 बजे के बीच ग्राम मोहड नदी में अवैध तरीके से रेत निकालने के लिए रैम्प निर्माण के लिए जेसीबी चालक पहुँचा था। जिसे रोकने लिए कुछ ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे जहां कार में 7-8 लोग उतर कर ग्रामीणो से मारपीट करते हुए फायरिंग किये है। कि रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर मे अपराध क्रमांक 257/2025 अपराध धारा 109(2), 191(2), 191(3), 190, 296, 115(2), 351(2) बीएनएस 25 ,27 आर्मस एक्ट एवं मायनिंग एक्ट की धारा 21 कायम कर विवेचना मे लिया गया है । विवेचना के दौरान पूर्व में आरोपी जेसीबी चालक भगवति निषाद पिता परदेशी निषाद उम्र 49 साकिन ग्राम झोला थाना अंडा जिला दुर्ग, संजय रजक पिता शंकर लाल रजक उम्र 48 वर्ष साकिन मोहड़ जिला राजनांदगांव एवं अभिनव तिवारी पिता श्री केशर तिवारी उम्र 42 साल निवासी ग्राम सोमनी थाना सोमनी जिला राजनांदगांव को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है। प्रकरण के विवेचना के दौरान प्रकरण के अन्य फरार आरोपीयो के पतासाजी हेतु टीम गठित किया गया है। गठित टीम द्वारा प्रकरण के घटना में संलिप्त आरोपी अतुल सिंह तोमर पिता अमूल सिंह तोमर उम्र 24 साल निवासी गायत्री विहार कॉलोनी , पिन्टो पार्क मुरार ग्वालियर, जिला ग्वालियर (म0प्र0) को हिरासत में लेकर थाना लाया गया। आरोपी से पूछताछ करने पर घटना में शामिल रहकर गोली चलाकर अपराध करना स्वीकार किया । जिसे आज दिनांक 15 .6.2025 को विधिवत् गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहॉ से जेल वारंट प्राप्त होने उपरान्त आरोपी को जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया। मामले से संबंधित अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु अलग-अलग टीम गठित कर सरगर्मी से पता तलाश किया जा रहा है।

# शिक्षक के बेटे पर शराबियों का हमला – माता-पिता को भी पीटा, एफआईआर दर्ज

**खैरागढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती असामाजिक गतिविधियों का एक और शर्मनाक उदाहरण सामने आया है। ठेलकाडीह निवासी और स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घुमका में पदस्थ व्याख्याता सहदेव बारले के बेटे पर नशे में धुत तीन युवकों ने बीच सड़क पर बर्बर हमला किया। आरोपियों ने न केवल छात्र को गालियां दीं और लात-घूंसे से पीटा, बल्कि बीच-बचाव करने पहुंचे उसके माता-पिता पर भी हमला कर दिया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

यह घटना 11 जून 2025 की रात लगभग 11:20 बजे की है। प्रदीप बारले नामक युवक अपने घर से कुछ ही दूरी पर दीपांशु किराना दुकान के पास टहल रहा था, तभी आरोपी प्रताप खरे, तेज खरे और उनके एक अन्य साथी ने शराब के नशे में उसे बेवजह रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर तीनों ने मिलकर उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी।

**बीच-बचाव करने पर माता-पिता से भी मारपीट:**

घटना की जानकारी मिलते ही प्रदीप की मां रानी बारले और पिता सहदेव बारले मौके पर पहुंचे, लेकिन आरोपियों की हैवानियत यहीं नहीं रुकी। तीनों ने शिक्षक सहदेव बारले और उनकी पत्नी को भी मां-बहन की गंदी गालियां दीं और हाथ मुक्कों से हमला कर दिया।

**चोटिल हुए शिक्षक और बेटा:**

इस हमले में प्रदीप बारले को दोनों हाथों, पीठ, सीने और चेहरे पर गंभीर खरोंच व चोटें आईं, वहीं सहदेव बारले के दाहिने पैर में चोट आई है जिससे उन्हें चलने में तकलीफ हो रही है। घटना को रितिक देशलहरे, दीपांशु जैन और शिवांग बंजारे ने देखा और बीच-बचाव किया।

पुलिस ने स्न्नक्र दर्ज कर की जांच शुरू:

पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने बीएनएस की धाराओं 115(2), 296, 3(5), 351(3) के तहत मामला दर्ज कर लिया है

## गंडई में चोरी का प्रयासः अज्ञात आरोपी ने दुकान व मकान को बनाया निशाना, सीसीटीवी कैमरे भी तोड़े

**खैरागढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** गंडई वार्ड क्रमांक 15, टिकरीपारा निवासी पुष्पेन्द्र देवागन ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनकी दुकान सोभेन्द्र कृषि सेवा केंद्र ग्राम लिमो में स्थित है, जहाँ वे रात में भोजन के बाद अकेले सोने गए थे। दिनांक 13 जून की रात 1:00 बजे, बाहर से आवाज सुनकर उनकी नींद खुली। जब उन्होंने देखा तो एक अज्ञात व्यक्ति, जिसने केसरिया रंग की टी-शर्ट पहनी थी और चेहरे पर सफेद स्कार्फबांधा हुआ था, उनके घर में खिड़की तोड़कर घुस चुका था। जब शिकायतकर्ता ने आवाज दी, तो वह व्यक्ति सीढ़ी और छत के सहारे भाग निकला। घटना की जानकारी उन्होंने तुरंत अपने परिचित शिव यादव को दी, जो मौके पर पहुँचे। दोनों ने मिलकर छत और आंगन की जांच की, जहाँ सीसीटीवी कैमरे टूटे मिले और दुकान के ताले तोड़े गए थे। शिकायत के अनुसार, अज्ञात आरोपी ने छत से घर में घुसकर चोरी का प्रयास किया, लेकिन घरवालों के जाग जाने के कारण वह भाग निकला।

# टिकेश व सुयश विधायक प्रतिनिधि नियुक्त

### नगर पंचायत व जनपद में राजनैतिक कसावट के आसार, विधायक ने जारी की संस्थानों में प्रतिनिधियों की सूची





**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** विधायक दलेश्वर साहू ने संस्थानों में अपने प्रतिनिधित्व के लिए विधायक प्रतिनिधि नियुक्त कर दिए हैं। जिला पंचायत, जनपद पंचायत व नगर पंचायत सहित विभिन्न शासकीय एवं शैक्षणिक संस्थानों में बहुप्रतीक्षित विधायक प्रतिनिधियों की नियुक्ति कर कलेक्टर जिला प्रशासन को आवश्यक कार्रवाई हेतु पत्र प्रेषित किया है। विधायक दलेश्वर साहू ने जिला पंचायत राजनांदगाँव में पूर्व जनपद उपाध्यक्ष डोंगरगांव सुयश नाहटा को प्रतिनिधि नियुक्त किया है। जनपद पंचायत डोंगरगांव में पुर्व जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। जनपद पंचायत डोंगरगढ़ में पूर्व जनपद अध्यक्ष भावेश सिंह को अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। इसी क्रम में नवीन यदु को शासकीय कालेज, अखिलेश नखत को नगर पंचायत एवं महेंद्र वैष्णव को सरकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिनिधि नियुक्त किया है। उपरोक्त समस्त विधायक प्रतिनिधि संबंधित संस्थाओं की बैठकों में हिस्सा लेकर विधायक की ओर से प्रतिनिधित्व करेंगे। उल्लेखनीय है नगर पंचायत, जनपद पंचायत सहित जिला पंचायत में विपक्ष कांग्रेस समर्थित सदस्यों अथवा पार्षदों के मध्य विधायक प्रतिनिधि की कमी लगातार महसूस की जा रही थी। अब संस्थाओं में राजनैतिक व प्रशासनिक कसावट आने के आसार हैं।

# स्वच्छता की ओर अग्रसर होने लगा दर्री तालाब-चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी

### दर्री तालाब में लगातार छठवें रविवार को हुआ श्रमदान

<u>पदमराज सिंह ठाकुर</u>



**कवर्धा (नांदगांव टाइम्स)।** तालाबों का संरक्षण एवं संवर्धन की मुहिम लगातार जारी है। इसी कड़ी में दसवें पड़ाव के तहत लगातार छठवें रविवार को भी दर्री तालाब में स्थानीय लोगों, जनप्रतिनिधियों और वार्डवासियों ने मिलकर श्रमदान किया। आज प्रमुख रूप से सिनियर सिटीजन एवं तुलसी मानस मित्र मण्डली के सदस्यों ने अपनी भागीदारी निभाकर तालाब की सफाई कर उसे स्वच्छ बनाया गया। स्वच्छ, सुंदर और विकसित कवर्धा बनाने के संकल्प के तहत तालाबों के सफाई के लिए नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी को शुभकामनाएं दी। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा के कुशल नेतृत्व व सांसद संतोष पाण्डेय का कुशल मार्गदर्शन से पूरे कवर्धा को स्वच्छ व सुंदर बनाने का बीड़ा उठाया गया है उन्होनें बताया कि दर्री तालाब की सफाई कार्य पूर्ण होने उपरांत अन्य तालाबों का भी श्रमदान से स्वच्छ बनाया जायेगा।

## धर्म समाचार....

# वृन्दावन के इस मंदिर का बैकुंठ धाम से है कनेक्शन, जानिए क्यों है ये बेहद खास?





वृंदावन के श्रीरंगनाथ मंदिर जिसे रंगजी मंदिर भी कहा जाता है। इसका सीधा संबंध बैकुंठ धाम से है। यहां हर साल बैकुंठ एकादशी पर बैकुंठ द्वार खुलता है जिससे गुजरने वाले भक्तों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। यह मंदिर दक्षिण भारतीय द्रविड़ शैली में बना है और यहां सभी पूजा दक्षिण भारतीय परंपराओं के अनुसार होती हैं। वृंदावन धाम में भगवान कृष्ण के कई प्राचीन और भव्य मंदिर हैं, जो विश्व प्रसिद्ध हैं। इन्हीं में से एक है श्रीरंगनाथ मंदिर जिसे 'रंगजी मंदिर' के नाम से भी जाना जाता है। यह धाम न केवल अपनी विशालता के लिए जाना जाता है, बल्कि इसका सीधा संबंध बैकुंठ धाम से भी है, जो भगवान विष्णु का निवास स्थान है। इस मंदिर में हर साल बैकुंठ एकादशी के अवसर पर 'बैकुंठ द्वार' खोला जाता है। यह द्वार साल में केवल एक बार खुलता है। मान्यता है कि इस विशेष दिन पर जो भक्त इस द्वार से होकर भगवान रंगनाथ के दर्शन करते हैं, उन्हें सीधे बैकुंठ धाम की प्राप्ति होती है और मोक्ष का आशीर्वाद मिलता है।

मंदिर का संबंध दक्षिण भारत की 8वीं शताब्दी की वैष्णव संत गोदा देवी से है। गोदा देवी भगवान रंगनाथ की बहुत बड़ी भक्त थीं और उन्होंने उन्हें अपने पति के रूप में पाने की इच्छा जाहिर की थी। उनकी अटूट भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान रंगनाथ ने उन्हें अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार किया, जिस कारण इस मंदिर में भगवान कृष्ण को दूल्हे के रूप में पूजा जाता है। यह उत्तरी भारत का एकमात्र ऐसा मंदिर है, जो पूरी तरह से दक्षिण भारतीय द्रविड़ शैली में बना है। इसका निर्माण 1845 से 1851 के बीच सेठ गोविंद दास और राधा कृष्ण ने करवाया था, जिन्होंने इस काम के लिए दक्षिण भारत से कुशल कारीगरों को बुलाया था। यह वृंदावन के सबसे बड़े मंदिरों में से एक है, जो लगभग 15 एकड़ भूमि में फैला हुआ है मंदिर में एक 50 फुट ऊंचा स्वर्ण-प्लेटेड 'ध्वज स्तंभ' भी है, जो इसकी भव्यता में चार चांद लगाता है। इस मंदिर में सभी पूजा और अनुष्ठान दक्षिण भारतीय वैदिक परंपराओं के अनुसार किए जाते हैं, और यहां के मुख्य पुजारी भी दक्षिण भारतीय ब्राह्मण होते हैं।

## योगिनी एकादशी पर करें देवी तुलसी के इन मंत्रों का जप, जीवन में बनी रहेगी खुशहाली





एकादशी का व्रत आषाढ़ महीने के कृष्ण पक्ष की एकादशी को मनाया जाता है। इस साल यह व्रत 21 जून को पड़ रहा है। मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु की पूजा और तुलसी माता की पूजा करने से सभी संकट दूर होते हैं और मनोकामनाएं पूरी होती हैं। योगिनी एकादशी का पर्व हर साल भक्ति भाव के साथ मनाया जाता है। यह भगवान विष्णु की पूजा के लिए समर्पिक है। हिंदू पंचांग के अनुसार, यह व्रत आषाढ़ महीने के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को रखा जाता है। इस साल यह व्रत 21 जून को रखा जाएगा। कहा जाता है कि इस दिन श्रद्धा अनुसार, पूजा-पाठ करने से जीवन के सभी संकटों का नाश होता है। वहीं, इस दिन देवी तुलसी की पूजा का भी खास महत्व है। ऐसे में इस दिन तुलसी के पौधे में जल चढ़ाएं। शाम के समय दीपक जलाएं। तुलसी माता के 108 नामों का जप करें। इससे सभी मनोकामनाओं की पूर्ति होगी, तो आइए यहां पढ़ते हैं।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोट्‌र्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोट्‌र्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोट्‌र्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# वैराग्य की गाथा भरथरी में राजा का संन्यासी स्वरूप देख भावुक हुए दर्शक

## रंग सरोवर की प्रस्तुति ने आखिर तक बांधे रखा, तालियों से गूंज उठा सभागार







**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग के सहयोग से संस्था च्रंगसरोवरज् की प्रस्तुति लोकनाट्य उत्सव में वैराग्य की गाथा च्भरथरीज्ज् का मंचन 14 जून शनिवार की शाम शहर के गोविंद राम निर्मलकर सभागार में हुआ। प्रख्यात लोकगायिका और भरथरी गायन की पुरोधा स्व. सुरूज बाई खांडे को समर्पित इस नाट्य मंचन की अतिथियों और दर्शकों ने मुक्तकंठ से सराहना की। खास कर एक राजा को संन्यासी स्वरूप में देख दर्शक भी भावुक हो गए। मूल रूप से वैराग्य की इस गाथा ने दर्शकों को अंत तक बांधे रखा।

120 मिनट की सधी हुई इस प्रस्तुति में 50 से अधिक सदस्य टीम में शामिल थे। जिसमें कथानक के साथ 15 से अधिक गीतों की प्रस्तुति भी हुई। पूरी टीम की तीन महीने की रिहर्सल का नतीजा मंच पर नजर आ रहा था।

प्रमुख अतिथियों में शामिल डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, लोकगायिका कविता वासनिक, समन्वयक पद्मश्री राधे श्याम बारले और इस नाट्य में आलेख, गीत, संगीत एवं निर्देशन की जवाबदारी संभालने वाले वरिष्ठ रंगकर्मी भूपेन्द्र साहू ने स्व. सुरूज बाई खांडे के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। विधायक दलेश्वर साहू ने इस दौरान च्भरथरीज्लोकगाथा के मंचन के लिए संस्था रंगसरोवर की पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे अभिनव प्रयास होते रहना चाहिए। प्रख्यात लोकगायिका कविता वासनिक ने लोकगीत को नाट्य स्वरूप में प्रस्तुत करने के भूपेंद्र साहू के प्रयास की सराहना की।

**उपस्थित रहे रंग कर्मी, कला प्रेमी और साहित्यकार**

इस अवसर पर विवेक वासनिक, सीता राम साहू, देवेंद्र कुमार देशमुख, पूनम विराट, हर्ष कुमार बिंदु, उद्धव साहू, शिवानी जंघेल, गोविन्द साहू, सुनील बंसोड, हिमानी वासनिक, सुदेश यादव, ईश्वर मेश्राम, तरुण गड़पायले, खेमचंद भारती, पप्पू सोनवानी, अनिल मात्रे, लोकनाथ बरमन, दिलीप बर्मन, प्रीतम कोठारी, पप्पू साहू, रितेश सिंघाड़े, रागिनी, गोपी पटेल,लोक गायक तुषान्त बारले, कला समीक्षक भोजराज बारले और हर्ष मेश्राम सहित बड़ी तादाद में रंग कर्मी, कला प्रेमी और साहित्यकार उपस्थित थे।

**मंच और मंच से परे इनकी रही भूमिका**

लोक गाथा च्भरथरीज्ज् के मंचन में प्रमुख भूमिकाओं में राजा च्भरथरीज्ज-मिथुन खोटे, च्भरथरीज्ज् की माँ रानी फुलवा-भावना वाघमारे, भगवान/गोरखनाथ-चन्द्रहास बघेल, च्भरथरीज्ज् की पत्नी रानी सामदेई-योगिता मढ़रिया, च्भरथरीज्ज् की साली रानी रूपदेई-जागेश्वरी मेश्राम, कैना जागेश्वरी मेश्राम,चंपा चेरी-निधि साहू/रोशनी वर्मा,काला मिरगा/सेवक-दीपक कुमार ध्रुव,मिरगिन-रोशनी वर्मा, निधि, योगिता, सिन्धु, जागेश्वरी,कथावाचक (बबा)-अमरसिंह लहरे,नाती-उत्तम साहू, गायन स्वर में राजेन्द्र साहू, गंगा प्रसाद साहू, योगिता मढ़रिया, सिन्धु सोन,वाद्य वृन्द में भारत बघेल, मोहन साहू, मोनू पाटिल, खेम यादव और गिरवर साहू शामिल हैं। इनके अलावा मंच सज्जा-उत्तम साहू, दीपक ध्रुव, चन्द्राहास बघेल,वेशभूषा एवं हस्त सामग्री-भावना वाघमारे, दीपक ध्रुव,ध्वनि प्रभाव-चेतन साहू,प्रकाश प्रभाव-भूपेन्द्र साहू/लव कुमार साहू/बड़का,प्रस्तुति व्यवस्थापक-मलयज साहू/लव कुमार साहू,प्रचार प्रसार-मलयज साहू/अजय मेश्राम और उद्घोषक के तौर पर आरजे नमित साहू का योगदान रहा।

**कथासार-गोरखनाथ के आशीर्वाद से जन्मे बेटे के भाग्य में वैराग्य**

कथानक के अनुसार बाबा गोरखनाथ के वरदान से रानी फुलवा बेटे च्भरथरीज्ज् को जन्म देती है। बेटे के भाग्य में वैराग्य लिखा होता है। एक दिन मां से जिद करके राजा च्भरथरीज्ज् काले हिरण को मारने जंगल जाता है। जब वह काले हिरण को मारकर महल की ओर जा रहा होता है तभी उसकी मुलाकात गुरु गोरखनाथ से होती है। गलती का एहसास होने पर राजा गुरु से क्षमा मांगता है। तब वे आदेश देते हैं कि तुम्हे 12 साल जंगल में रहना होगा। राजा वापस लौटकर मां से विदा लेकर राजा गोरखनाथ के पास पहुंचता है। इसके बाद गुरु गोरखनाथ राजा च्भरथरीज्ज् को गृहस्थ जीवन जीने का आदेश देते है। भरथरी की शादी रानी सामदेई से होती है। शादी के दूसरे दिन सोने का पलंग टूट जाता है। तब रानी बताती है कि पलंग टूटने का जवाब दिल्ली की रानी रूपदेई बताएंगी। भेद पता करने राजा दिल्ली जाता है। अगले जन्म में भेद खोलने का वादा कर रानी रूपदेई प्राण त्याग देती है। सुआ, कौआ, बछड़ा, बिल्ली के बाद सातवें जन्म में रूपदेई रानी कैना के रूप में जन्म लेती है। वह राजा च्भरथरीज्ज् को बताती है कि सामदेई पिछले जन्म में तुम्हारी मां थी। यह सुन राजा गुरु गोरखनाथ के पास चला जाता है। गुरु अपने शिष्य को आदेश देता है कि वह अपनी पत्नी को मां संबोधित करते हुए भिक्षा मांगे। अपना कर्तव्य निभाने राजा रानी से भिक्षा मांगता है। रोते हुए रानी अपने सभी जेवर च्भरथरीज्ज् को देती है।

## भाजपा मंडल गोटाटोला में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन

**मोहला/मानपुर (नांदगांव टाइम्स)।** प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार व जिला भाजपा के मार्गदर्शन में सेवा सुशासन व गरीब कल्याण -



संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के तहत विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन भाजपा मंडल गोटाटोला में किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता श्री संजीव शाहजी (पूर्व विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव)एवं जिला पंचायत सदस्य लखन कलामे के द्वारा केंद्र की मोदी सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों को सारगर्भित तरीके से बताया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कमल तपढ़िया , जिला पंचायत सदस्य लखन कलामे,महामंत्री भावेश ठाकुर, राजू डोंगरे, प्यारे जैसवाल, छगन बढ़ाई, मदन साहू, अरूण साहू, भागवत कोमरे, ओमप्रकश मिश्रा, पुष्पेंद्र भुआर्या, खेमचंद किसाने, अहिल्या सोरी, सीता बाई कोमरे एवं भारतीय जनता पार्टी के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ओडारबांध सरपंच सुनीता नरेंद्र साहू को किया सम्मानित हुई



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** विश्व रक्त दाता दिवस में श्रीमती सुनिता नरेन्द्र साहू सरपंच एवं अनुराधा टेबुकर रोजगार, सहायक ग्राम पंचायत ओडार बांध को राजनांदगांव कलेक्टर मान श्री डॉ.सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे द्वारा सम्मान किया गया जिसमें उपस्थित मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव के डीन एवं सभी डॉक्टर अधिकारी कर्मचारी नर्स स्टाफ श्रीमति सरिता तिवारी जी सभी उपस्थित थे और इस सराहनीय कार्य के लिए सभी अतिथियों एवं जिला प्रशासन द्वारा एक जागरूक महिला का सम्मान दिया, जिन्होंने दो बार ऐसे मरीज जिनको खून की आवश्यकता थी और उनके परिजन रक्त जाता ढूंढ रहे उस समय सरपंच सुनीता साहू ने अपना मानवता का परिचय देते हुए रक्त दान की उसी तरह दूसरी बार भी 10 वर्ष की बच्ची को 5 यूनिट बल्ड की जरूरत थी तब उन्होंने रक्त दान किए उसी आज भी रक्त दान किए हैं।

## अवैध रेत, गोलीकांड और खाकी की मिलीभगत सवालों के घेरे में पुलिसिया जांच

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** अपराध चाहे छोटा हो या बड़ा, यदि उसे खाकी की छाया मिल जाए तो वह सिर चढ़कर बोलता है। ऐसा ही मामला सामने आया है राजनांदगांव के चर्चित अवैध रेत खनन और गोलीकांड को लेकर। जब पुलिस ने इस गंभीर प्रकरण की कार्रवाई शुरू की तो परत-दर-परत कई नाम सामने आते गए और आखिर में एक ऐसा वीडियो वायरल हुआ, जिसने जिले की फिज़ा में बारूद की गंध घोल दी। वायरल वीडियो भले ही दृश्य रूप में धुंआ ना दे, लेकिन ऑडियो में जो चिंगारी है, वह बहुत कुछ कहती है। ऑडियो को गौर से सुनने पर प्रतीत होता है कि इस पूरे षड्यंत्र का सूत्रधार खुद एक वर्दीधारी अधिकारी ही है, जिसने न केवल वाहन स्वामी को बुलवाया बल्कि उसे संरक्षण देते हुए रेत खनन में संलिप्त किया। ऐसे में अपराधी जब खाकी के साथ हो जाए तो उसके हौसले भी दुगुने हो जाते हैं।



**केवल निलंबन ही क्यों?**

ऑडियो में स्पष्ट तौर पर सुना जा सकता है कि निलंबित अधिकारी एक वरिष्ठ अफसर से बात कर मामले को च्रफा-दफाज् करने की कोशिश कर रहा है। हैरानी की बात यह है कि उसी वरिष्ठ अधिकारी को इस पूरे मामले की जांच का जिम्मा भी सौंप दिया गया है। अब सवाल उठता है कि क्या ऐसी जांच निष्पक्ष और पारदर्शी हो पाएगी?

**पहले से विवादों में रहे हैं अधिकारी**

निलंबित अधिकारी पर पहले भी गंभीर आरोप लग चुके हैं। जब वह बसंतपुर थाना प्रभारी थे, तब एक महिला पुलिसकर्मी ने उनके खिलाफछेड़छाड़ की लिखित शिकायत की थी, जिसे एसपी और आईजी तक पहुंचाया गया था। इसके बाद उन्हें वहां से हटाकर च्क्रीमज् थाना सौंपा गया। लेकिन हैरानी की बात यह है कि उस मामले की जांच अब तक पूरी नहीं हो सकी है।

**उच्च न्यायालय ने लिया संज्ञान, फिर क्यों नहीं स्वतंत्र जांच?**

इस मामले की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि माननीय हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया है। ऐसे में क्या यह जरूरी नहीं कि पूरे प्रकरण की जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी या टीम से करवाई जाए ताकि निष्पक्षता बनी रहे?

**सवाल बहुत हैं - जवाब कौन देगा?**

वर्दीधारी पर लगे इन गंभीर आरोपों के बीच सवाल उठता है कि आखिर विभागीय कार्रवाई से ज्यादा क्यों नहीं हो रही? क्या एक निलंबन से न्याय हो जाएगा? और क्या उच्च अधिकारियों पर सवाल उठाने वाला सिस्टम कभी खुद पारदर्शी हो पाएगा?

सुनहरा अवसर

पढ़ने- पढ़ाने वाले विद्यार्थी सह- शिक्षक सपने साकार करने के लिए रूपये 9 हजार प्रतिमाह से शुरू कर 45 हजार प्रतिमाह की गारंटी देता है



योग्यता : 12वीं पास, फेल से पीएचडी तक सभी आवेदन कर सकते हैं

-: संपर्क करें :-

इंजीनियर पी एल सुलाखे

राजनांदगांव, मो. 9425554092

# दाऊचौरा महादेव घाट उपेक्षा की भेंट चढ़ा, नगर प्रशासन की घोर लापरवाही उजागर

## आस्था का केंद्र बना नशे का अड्डा, टूटा एनीकेट और फैली गंदगी पर जिम्मेदार मौन

**खैरागढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** विधायक यशोदा वर्मा के निर्देश में विधायक प्रतिनिधि व मिशन के संयोजक मनराखन देवांगन के नेतृत्व में शहर के ऐतिहासिक और आस्था से जुड़े दाऊचौरा महादेव घाट की बदहाल स्थिति एक बार फिर उजागर हुई है। मिशन संडे टीम ने रविवार को मौके पर पहुँचकर निरीक्षण किया और घाट की दुर्दशा देखकर न केवल हैरानी जताई, बल्कि नगर प्रशासन की अनदेखी पर सवाल भी उठाए।

यह वही घाट है जहाँ वर्षों से गणेश, दुर्गा, गोरा-गोरी की प्रतिमाओं का विसर्जन, कार्तिक पूर्णिमा पर दीपदान, पितृ पक्ष में तर्पण और गंगा आरती जैसे सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजन होते रहे हैं। जिसमें हजारों लोग शामिल होते है। लेकिन वर्तमान में घाट पर एक बूंद भी पानी नहीं बचा है। इसका कारण है — एनीकेट का टूटा हुआ दरवाजा, जिससे लगातार पानी का रिसाव हो रहा है और घाट सूखा पड़ा है।



**एनीकेट बना मज़ाक: लाखों खर्च के बावजूद नतीजा 'शून्य'**

जानकारी के अनुसार, मुस्क नदी पर बनाए गए इस एनीकेट पर लाखों रुपये खर्च किए गए थे, ताकि पूरे साल नदी में पानी बना रहे और शहरवासियों को निस्तारी की सुविधा मिले। लेकिन यह एनीकेट केवल तीन माह ही पानी रोक पाता है, शेष नौ महीने सूखा पड़ा रहता है। लीकेज और टूटे दरवाजे के चलते इसका लाभ शून्य के बराबर है।

**गंदगी से बजबजा रहा घाट, आस्था के स्थान पर नशे का अड्डा**

स्थिति और भी चिंताजनक तब हो जाती है जब मंदिर परिसर में फैली गंदगी, सीसी बोतलें, और नशेड़ियों का जमावड़ा दिखाई देता है। मिशन संडे के निरीक्षण में सामने आया कि रात के अंधेरे में घाट नशेड़ियों का अड्डा बन गया है, जहाँ शराब और गांजा पीकर बोतलें नदी में फेंकी जा रही हैं।

**नगर प्रशासन बेखबर, जनप्रतिनिधि गंभीर**

मिशन संडे टीम के संयोजक श्री देवांगन ने बताया कि घाट की साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण को लेकर जल्द ही कलेक्टर से मुलाकात कर व्यवस्थित कार्ययोजना प्रस्तुत की जाएगी। साथ ही श्री देवांगन ने शहर के नालियों के गंदे पानी जो नदी में मिल रहे है उसे शहर के बाहर व्यवस्थित करने तथा दौचौरा में बने पानी टंकी की ओवर फ्लो कई हजार लीटर बहने वाली पानी जो एनीकेट से नीचे बह रही है उसे एनीकेट में मिलाने की मांग की है।वहीं महादेव घाट के संयोजक अरुण भारद्वाज ने कहा कि जिस घाट पर लोगों की गहरी आस्था जुड़ी है, वहाँ गंदगी और प्रशासन की चुप्पी शर्मनाक है। नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन ने नगर पालिका पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि एक तरफसरकार स्वच्छता अभियान की ढोल पीट रही है, दूसरी तरफ शहर के मध्य स्थित महादेव घाट पर गंदगी का आलम यह है कि वहां पूजा-पाठ की भी स्थिति नहीं बची।निरीक्षण के दौरान महादेव घाट के संयोजक अरुण भरतध्वज नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन पार्षद दिलीप लहरें, रविन्द्र सिंह गहरवार पुरन सारथी, भरत चंद्राकर, सूर्यकांत यादव, भूपेंद्र वर्मा, महेश यादव, शेखर दास वैष्णव, सुदर्शन ढीमर सहित बड़ी संख्या में वार्ड वासी व मिशन संडे के सदस्य मौजूद थे।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com